सत्र : 2020-2021

कक्षाः आठवीं

विषय : हिंदी (प्रथम भाषा)

प्रश्न-पत्र की रूपरेखा (संशोधित)

समय : 3 घंटे **पूर्णांक : 75 + 05 (सुंदर लिखाई)=80 अंक**

आंतरिक मूल्यांकन की रूपरेखा =20 अंक

नोट : (i) 05 अंक सुंदर लिखाई के लिए निर्धारित किए गए हैं | अक्षरों व शब्दों के सामान्य आकार , अक्षरों की स्पष्टता , अक्षरों व शब्दों के बीच की निश्चित दूरी , लिखने में एकसारता व प्रवाहयुक्त लेखन आदि के आधार पर अध्यापक परीक्षार्थी की लिखाई का मूल्यांकन करेगा ।

(ii) प्रश्न - पत्र के पाँच भाग (क से ङ तक) होंगे ।

(iii) प्रश्न - पत्र में कुल 7 प्रश्न होंगे ।

(iv) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य होंगे ।

भाग - क : बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले प्रश्न

प्रश्न -1(i) में से संधि , समास , उपसर्ग , प्रत्यय , पर्यायवाची शब्द , संज्ञा , सर्वनाम , विशेषण की पहचान से सम्बंधित बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले 19 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे,जिनमें से 16 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे।प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 16x1=16

(ii)पाठ्य पुस्तक के कविता भाग के अभ्यासों में से 03 अति लघूत्तर बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले प्रश्न पूछे जाएंगे,जिनमें से से दो के उत्तर देने होंगे।प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 2x1=2

iii. पाठ्य-पुस्तक में से बहुवैकल्पिक उत्तरों से सम्बन्धित चार कठिन शब्दों के अर्थ पूछे जाएंगे,जिनमें से 02 के उत्तर देने होंगे।प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 2x1=2

iv.पाठ्य-पुस्तक के पद्यांश पर आधारित छह बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले प्रश्न

पूछे जाएंगे,जिनमें से 05 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे।प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 5x1=5

अन्य वस्तुनिष्ठ प्रश्न

नोट: *इसके अन्तर्गत हाँ/ नहीं अथवा रिक्त स्थानों की पूर्ति अथवा सही / गलत अथवा मिलान कीजिए किसी भी प्रकार के हो सकते हैं। प्रश्न पत्र निर्माता इनमें से किसी भी प्रकार से निम्नलिखित अनुसार यथोचित प्रश्न पूछ सकता है;*

(v) में लिंग बदलो, वचन बदलो, विपरीत शब्द, भाववाचक संज्ञा निर्माण, विशेषण निर्माण, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द से सम्बधित उत्तरों वाले प्रश्नों में से आठ प्रश्न पूछे जाएंगे,जिनमें से छह वस्तुनिष्ठ प्रश्न को हल करना होगा। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। **6x1=6**

(vi) में समरूपी भिन्नार्थक शब्द, शब्द-शुद्धि , क्रिया , क्रिया - विशेषण , संबंधबोधक, योजक व विस्मयादिबोधक की पहचान , विराम चिह्न में से आठ प्रश्न पूछे जाएंगे,जिनमें से छह वस्तुनिष्ठ प्रश्न को हल करना होगा। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। **6x1=6**

भाग - ख पारिभाषिक व्याकरण (6)

प्रश्न -2 पारिभाषिक व्याकरण में से कोई तीन प्रश्न देकर उनमें से दो के उत्तर लिखने के लिए कहा जाएगा । 2x3 = 6

भाग-ग

प्रश्न-3 पाठ्य-पुस्तक के गद्य भाग में से सात अति लघूत्तर प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनमें से पाँच प्रश्नों के उत्तर लगभग एक-दो पंक्तियों में लिखने के लिये कहा जाएगा। 5x1=5

प्रश्न-4 पाठ्य पुस्तक में से पाँच निबन्धात्मक प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनमें से तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग चार-पाँच पंक्तियों में लिखने के लिये कहा जाएगा। 3x3=9

भाग-घ मुहावरे एवं लोकोक्तियां (3)

प्रश्न-5 पाठ्य-पुस्तक में से पाँच मुहावरे/लोकोक्तियाँ देकर उनमें से किन्हीं तीन मुहावरे/ लोकोक्तियों को वाक्यों में अर्थ स्पष्ट करने के लिए कहा जाएगा।

3x1=3

भाग-ङ रचनात्मक लेखन (15)

प्रश्न-6 यह प्रश्न पत्र लेखन से सम्बन्धित होगा। इसमें 100 प्रतिशत आन्तरिक विकल्प दिया जाएगा। 8

प्रश्न-7 कोई तीन विषय देकर उनमें से किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों में निबन्ध लिखने के लिए कहा जाएगा। 7